संख्या- 89/2379/बयालिस-2015-37(विविध)/2012

प्रेषक,

अनिल कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

खेल अनुभाग **लखनऊ : दिनांक : 05 नवम्बर, 2015**

विषय :- जनपद कन्नौज की तहसील छिबरामऊ में स्पोर्टस स्टेडियम के निर्माण हेतु पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- जी0- 1026/नि0 छिबरामऊ स्टे0/2015-16, दिनांक 09 अक्टूबर, 2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या- 2896/बयालिस-2013-37(विविध)/2012, दिनांक 22 नवम्बर, 2013, शासनादेश संख्या- 2616/बयालिस-2014-37(विविध)/2012, दिनांक 26 फरवरी, 2015 एवं शासनादेश संख्या- 1107/बयालिस-2015-37(विविध)/2012, दिनांक 29 मई, 2015 के क्रम में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय जनपद कन्नौज की तहसील छिबरामऊ में स्टेडियम के निर्माण हेतु पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति रू0 1236.40 लाख के सापेक्ष अवशेष धनराशि वित्तीय वर्ष- 2015-16 में अनुपूरक मांग के माध्यम से बजट में प्राविधानित धनराशि रू0 229.79 लाख (रू0 दो करोड़ उनतिस लाख उन्नयासी हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :-

(1)- उक्त स्वीकृत धनराशि रू0 229.79 लाख (रू0 दो करोड़ उनतिस लाख उन्नयासी हजार मात्र) निदेशक, खेल द्वारा कोषागार से आहरित करके निर्माण इकाई राजकीय निर्माण निगम को उपलब्ध करायी जायेगी।

(2)- प्रायोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में अवश्य पूर्ण कर लिया जाये।

(3)- स्वीकृत धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार किया जाएगा।

(4)- प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना की स्वीकृति से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(5)- कार्य की विशिष्टियां, मानक एवं गुणवत्ता की जिम्मेदारी खेल निदेशालय की होगी।

(6)- स्वीकृत धनराशि को आहरित कर बैंक/डाकघर/पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी। कार्य पूर्व होने पर कार्यदायी संस्था से कार्य के सम्परीक्षित लेखे प्राप्त किये जाये।

http://shasanadesh.up.nic.in

(7)- प्रायोजना की लागत में टाइम ओवर रन/कास्ट ओवर रन न हो इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश एवं बजट मैनुअल के प्रस्तर- 212(7) में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। प्रश्नगत योजना हेतु पुनरीक्षित लागत स्वीकृत नहीं की जायेगी।

(8)- प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका, खण्ड- 6 के अध्याय- 12 के प्रस्तर- 318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात् कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(9)- प्रश्नगत प्रायोजना विषयक मूल शासनादेश संख्या- 2896/बयालिस-2013-37(विविध)/2012, दिनांक 22 नवम्बर, 2013, शासनादेश संख्या- 2616/बयालिस-2014-37(विविध)/2012, दिनांक 26 फरवरी, 2015 एवं शासनादेश संख्या- 1107/बयालिस-2015-37(विविध)/2012, दिनांक 29 मई, 2015 में उल्लिखित अन्य शेष शर्तें एवं प्रतिबन्ध यथावत रहेंगे।

2- उक्त मद में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष- 2015-16 के अनुदान संख्या- 22 के लेखाशीर्षक- 4202-शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय-आयोजनागत-03-खेलकूद तथा युवा सेवा-800-अन्य व्यय-19-जनपद कन्नौज की तहसील छिबरामऊ में स्पोर्टस स्टेडियम का निर्माण-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- उक्त स्वीकृति वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञापे संख्या- 2/2015/बी0-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च, 2015 में प्रतिनिधानित अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहें है।

भवदीय,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

<u>संख्या- 89/2379(1)/बयालिस-2015 तद्दिनांक :-</u>

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-</u>

(1)- महालेखाकार, उ0प्र0 (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(2)- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(3)- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
(4)- जिलाधिकारी, कन्नौज।
(5)- क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, कानपुर/क्रीड़ाधिकारी, कन्नौज।
(6)- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 1/2
(7)- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग- 5
(8)- नियोजन अनुभाग- 4
(9)- गार्ड फाईल/कम्पयूटर प्रति।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in